वर्ष - 1 | अंक - 12 | अक्टूबर 2021

# रतलाम नगर पालिक निगम

E-NEWS LETTER




## स्वच्छता को अपनाए, दूसरों के लिए गंदगी न फैलाएं

## गांधी जंयती और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर नगर निगम ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पूरे शहर में दिया स्वच्छता का संदेश

**02 अक्टूबर ।** महात्मा गांधी ने सदैव समग्र स्वच्छता की पैरोकारी की और सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए इसे आवश्यक बताया। गांधी जी ने हमें यह दायित्व-बोध करवाया कि हम दूसरों के लिए गंदगी न फैलाएं। खुद जो गंदगी फैलाएं, उसकी सफाई भी स्वयं करें। इसमें ऊँच-नीच का भेदभाव नहीं होना चाहिए।



संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश और नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव के छठवे दिन व 2 अक्टूबर को स्वच्छता से जुड़े विभिन्न गतिविधियों के दौरान उक्त विचार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने व्यक्त किए। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह ने कहां कि महात्मा गांधी का कहना था कि साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना किसी एक तबके का काम नही है, इसमें सभी की भागीदारी होना चाहिए। उन्होने कहां कि बापू ने साफ सुथरे हिन्दुस्तान का जो ख्वाब देखा था, वो अब धीरे-धीरे पूरा होने लगा है। अब हम सब शहरवासियों का भी दायित्व है कि गांधी जंयती के इस मौक पर रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बना कर प्लास्टिक मुक्त बनाए।

## सीएम हेल्प लाईन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम रतलाम 92.46 वेटेज स्कोर प्राप्त कर बना प्रदेश में नम्बर-1




**20 अक्टूबर ।** नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्प लाईन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेष में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम 1220 षिकायतें निराकरण में संतुश्टि के साथ बंद षिकायतों का वेटेज 47.46 (50 प्रतिषत) 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9.01 (10 प्रतिषत), निम्न गुणवत्ता से बंद षिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), नोट अटेडेंट शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिषत), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिषत), लंबित शिकायतों की संख्या में कमी का वेटेज 5.99 (10 प्रतिशत) तथ कुल वेटेज स्कोर 92.46 प्राप्त कर प्रदेष में नम्बर 1 बना। सीएम हेल्प लाईन शिकायतों निराकरण में नगर निगम रतलाम को प्रदेष में प्रथम स्थान प्राप्त होन पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेशित कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायेदान पर बनायें रखें।

# रतलाम नगर पालिक निगम

E-NEWS LETTER

“सिंगल यूज़ प्लास्टिक को कहें 'न'”


शनिवार को स्वच्छता गतिविधियों को लेकर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम की अन्य शाखाओं के प्रमुखों को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम का अमला सबसे पहले नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित गांधीजी की प्रतिमा पर पहुचा और वहां बापू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। यहां पर महात्मा गांधी के स्वच्छता पर विचार विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमे स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द्र प्रतापसिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, हेमन्त बंदोडिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सफाई मित्र समूह की टीम, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

सब्जी,फल व होटल वालों को कपड़े की थैलियों का वितरण स्वच्छता गतिविधियों के तहत आज सफाई मित्र समूह व नगर निगम की टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में फल,सब्जी बैचने और होटल संचालित करने वालों को अमानक प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नही करने की समझाईश दी गई है। इस मौके पर शैलन्द्र गोठवाल और सफाई मित्र समूह की टीम के सदस्यों ने इन छुटकर व्यापारियों को अमानक प्लास्टीक थैलियों का उपयोग करने पर होने वाले जुर्माने से भी अवगत कराया और इन सभी कपड़ों से बनी थैलियों का वितरण किया। यहां सब्जी, फल और नमकीन आदि खरीदने आए लोगों से भी अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों से कपड़े की थैलिया लेकर ही आए ताकि शहर के वार्डो को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके।





खेल मैदानों की सुरक्षा खिलाड़ी भी करे शहर के नेहरु स्टेडियम, कालेज ग्राउण्ड, हनुमान ताल सहित अन्य मैदानों में सुबह मार्निग वॉक करने और खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने आए सैकड़ों लोगों को आज सुबह सफाई मित्र समूह की टीम ने स्वच्छता का पाठ पढ़ाया है। यहां आने वाले लोगों को समझाया गया कि खेल मैदानों को भी अपने घर या दुकान का परिसर समझे और यहां स्वच्छता बनाने में अपना योगदान दे। अगर कोई दूसरा भी यहां कचरा फेंकता है तो उसे रोके या नगर निगम की स्पॉट फाईन टीम को सूचित करे। सफाई मित्रों का सम्मान कर उन्हे उत्साहित किया नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में नगर की सफाई व्यवस्था से जुड़े और स्वच्छता बनाए रखने वालें सफाई मित्रों का सम्मान शाल,श्रीफल,प्रमाण पत्र और साफा बांधकर किया गया। नगर निगम और सफाई मित्र समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मान समारोह में स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, पर्वत हाड़े, किरण चौहान और मोनिका चौहान ने यहां सफाई संरक्षक, कचरा संग्रहण वाहन चालक,हेल्पर व दारोगाओं का सम्मान किया। इनका हुआ सम्मान - सफाई मित्र सम्मान समारोह के दौरान जितेन्द्र, अफसार अब्बासी, दिलीप पैमाल, अ.वहाब, चंदन तंवर, कुंदन धुलिया, शरतचन्द्र खरे, मोनिका चौहान, कृष्णा देसाई, कमल, हेमन्त, लखन सुल्तान, गुलाबचन्द्र, बज्रमोहन खरे,विजय खरे, मंजूबाई,देवकन्या, सादिक, मुकेश बैरागी, शुभम पैमाल, आन्नद अनिल चनाल,राकेश दुलीचन्द्र,सतीश खरे और स्वच्छता के इस अमृत महोत्सव में सहयोगी संस्था के राजा ठाकुर और दिव्या पाटीदार का सम्मान किया गया।

रतलाम
नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
"सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें 'न'"

# देश में स्वच्छता से बने रतलाम की पहचान आजादी के अमृत महोत्सव के पांचवे दिन उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित समारोह में प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहां, शहर के अलग-अलग स्थानों पर किया गया एक दर्जन से अधिक गतिविधियों का आयोजन






**01 अक्टूबर |** नगर से महानगर की तरफ बढ़ते रतलाम शहर का नाम सेव,सोना और साड़ी के नाम से पहले ही है, अब हम कुछ ऐसे प्रयास करे कि रतलाम शहर की पहचान स्वच्छता से हो। नगर निगम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए तमाम प्रयास कर रहा है, अब नागरिक विशेषकर युवा स्वच्छता के प्रति जागरुकता दिखाते है तो वो दिन दूर नही जब हमारा स्वच्छ शहर का सपना साकार हो जाएगा। उक्त विचार सागौद रोड़ स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री सुभाष कुमावत ने उपस्थित सैकड़ों छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश और नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक गतिविधियां सफाई मित्र समूह के सहयोग आयोजित की गई है। उत्कृष्ट स्कूल में आज आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर स्वच्छ और सुंदर शहर विषय पर पेंटिग, ड्रांईग व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर सैकड़ों बच्चों को झोन प्रभारी किरण चौहान ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। यहां बच्चों ने श्रमदान कर स्कूल परिसर से कचरा एकत्र कर यहां स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल स्टाफ ने पौधारोपण भी किया।श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित बागीचे व सांस्कृतिक मंच पर विभन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नागरिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यहां अपशिष्ट सामग्री से तैयार कलाकृतियों का प्रदर्शन कर झोला व बर्तन बैंक की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर बल्क में वेस्ट को जनरेट करने वाले होटल व्यावसायी संजय फुलवानी और पोहावाला परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्रेणिक जैन के साथ ही समूह संचालिका अंजू सोनी और लीना परमार का सम्मान किया गया। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री सर्वश्री जी. के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ षेख, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, उद्यान पर्यवेक्षक श्री अनिल पारा, झोन प्रभारी सर्वरी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, सफाई मित्र समूह की टीम, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य, श्री राजा ठाकुर, श्री राकेष मीणा आदि उपस्थित रहे।













डोर टू डोर कचरा संग्रहण की समझाईश आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत शहर परियोजना क्रमांक-2 की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी के नेतृत्व में सफाई मित्र समूह से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने अमृतसागर कालोनी व आसपास के इलाकों में डोर टू डोर लोगों को कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखने की समझाईश देते हुए ये भी समझाया कि खुले में कचरा फेंकने से क्षेत्र का वातावरण तो दूषित होता ही साथ ही कई बीमारियों का भी जन्म होता है। इस मौके पर श्रीमती अंसारी ने महिलाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। यहां नव निर्मित स्वच्छ व सुंदर पोषण वाटिका के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता झालीवाल का सम्मान भी किया गया। कचरा फेंकने वालों से ही कचरा उठवाया इधर सफाई मित्र समूह की टीम के सदस्यों ने आज चांदनी चौक, लक्कड़पीठा, ईदगाह रोड़, बाजना बस स्टेण्ड, गौशाला रोड़, नीम चौक, हरदेवलाला की पीपली, शहर सराय, हाट रोड़ व आसपास के क्षेत्रों के मकान और दुकानदारों से अनुरोध किया कि अपने घर या दुकान का कचरा खुले में नही फेंके। इस दौरान गौशाला रोड़ स्थित एक स्कूल के पास कचरा फेंक चुके एक युवक से कचरे की थैली वापस उठवाई और उसे कचरा संग्रहण वाहन में कचरा डालने की हिदायत भी दी गई।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नागरिकों को अपशिष्ट के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल डिस्पले के माध्यम से दिया

## स्वच्छता का संदेश अलग-अलग कचरा निपटान रोजगार का साधन है

**03 अक्टूबर।** शहर के विभिन्न वार्डों में घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए अभियान चलाया गया और नागरिकों को समझाया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के पहले दिन ही दिन से नगर के सम्मानीय नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को नागरिकों को अपशिष्ट के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल डिस्पले के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया है।



इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा कि नगर निगम नागरिकों से लगातार अनुरोध करता आ रहे है कि गीले और सूखे कचरे को अपने घर या दुकानों में अलग-अलग ही रखे और कचरा संग्रहण वाहन के अलग-अलग खानों में ही इसका निपटान भी करे। श्री झारिया ने कहां कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने से जहां एक और स्वच्छता बनी रहती है,वही कुछ लोगों को इससे रोजगार भी मिलता है। हम आजादी के इस अमृत महोत्सव के मौके पर शहर के सभी नागरिकों से अनुरोध करना चाहेगे कि किसी भी तरह के कचरे को सडक़ और नालियों में न फेके, कचरा फेंकने पर इधर-उधर सडक़ों पर आ जाता है। नगर निगम का सहयोग करें। निकाय के सहयोग से यह जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें सफाई मित्रों का विशेष योगदान रहा। लोगों को होम कंपोस्टर, डोर टू डोर वेस्ट सेग्रीगेशन, प्लास्टिक के बाद कचरा अलग करने के बारे में जानकारी दी गई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ डिजिटल डिस्पले स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्री सुरेशचन्द्र व्यास के निर्देशन में आज नागरिकों को अपशिष्ट के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल डिस्पले के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश दिया गया।




यह डिजिटल डिस्पले नगर निगम चौराहे से शुरु हुआ जो न्यू कोर्ट चौराहा, दो बत्ती, दिल बहार चौराहा, महू रोड़ फव्वारा चौक, बस स्टेण्ड, लोकेन्द्र टाकीज रोड़, सैलाना बस स्टेण्ड, राम मंदिर, अलकापुरी चौराहा, शहर सराह, आबकारी चौराहा, हाट रोड़ गौशाला रोड़, चांदनी चौक, लक्कड़पीठा,बाजनी बस स्टेण्ड, चौमुखी पुल, घांस बाजार सहित पूरे शहर के प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर पहुचा। इस मौके पर प्रभारी सहायक यंत्री श्याम कुमार सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह,झोन प्रभारी पर्वत हांडे,किरण चौहान व सफाई मित्र समूह की टीम उपस्थित रही।

स्लम बस्तियों में रहने वालों को जागरुक किया कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों से जुड़े रहवासी इलाकों में सफाई मित्र समूह की टीम ने लोगों को अलग-अलग कचरा एकत्र कर इसका निपटान कचरा संग्रहण वाहन में करने की समझाईश दी। समूह की टीम ने आज ईश्वर नगर, मोती नगर, धीरजशाह नगर, खेतलपुर, सिलावटों का वास(हरिजन बस्ती) बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्र, अमृतसागर कालोनी,जावरा रोड़, अम्बेकर नगर सहित एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में लोगों को कचरा पृथ्कीकरण की समझाईश दी है।





# कचरा संग्रहण वाहन के 6 हैल्पर सेवा से बर्खास्त




08 अक्टूबर । नगर निगम के कचरा संग्रहण के 6 हैल्परों द्वारा 7 अक्टूबर गुरुवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार संबंधित हैल्परों को सेवा से बर्खास्त किया गया। 7 अक्टूबर गुरुवार को वार्ड क्रमांक 1 के राहूल-दिलीप, वार्ड क्रमांक 17 के गौरव-विजय, वार्ड क्रमांक 31 के सुनील, वार्ड क्रमांक 34 के नितीन-किषोर, वार्ड क्रमांक 38 के अंकित खत्री व वार्ड क्रमांक 42 के संदीप-सुरेष कचरा संग्रहण वाहन हैल्पर द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर संबंधित कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया।

# रतलाम
## नगर पालिक निगम

E-NEWS LETTER





# नेहरू स्टेडियम में हुआ रावण के पुतले का दहन



**15 अक्टूबर** बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर आज 15 अक्टूबर शुक्रवार को नेहरू स्टेडियम (पोलोग्राउण्ड) में रावण के पुतले का दहन शासन द्वारा दिये गये कोविड-19 के निर्देशों के तहत किया गया। नेहरू स्टेडियम पर भगवान श्री राम, लक्ष्मण तथा हनुमान का स्वागत नगर विधायक माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, एसडीएम श्री अभिशेक गेहलोत, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल के अलावा सर्वश्री प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती अनिता कटारिया, बजरंग पुरोहित, मंगल लोढ़ा, श्रीमती सोना षर्मा, आदित्य डागा, श्ण कुमार सोनी, राकेष परमार, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मोहम्मद हनीफ षेख, श्री जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व निगम अधिकारी एवं कर्मचारी आदि ने पुश्पहारों से किया।












# 75 परिवारों को गृह प्रवेश कराएंगे विधायक चेतन्य काश्यप
## चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने दी प्रति हितग्राही 10,000 रूपए मार्जिन मनी

28 अक्टूबर। आजादी की 75वी वर्षगांठ के उपलब्ध में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के दौरान शिवशंकर कॉलोनी में निवासरत 75 परिवारों के लिए 29 अक्टूबर का दिन नई खुशिया लेकर आएगा। इस दिन इन सभी परिवारों को विधायक चेतन्य काश्यप के हाथों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डोसीगांव में निर्मित अफोर्डेबल हाउस में शाम 4 बजे नया आशियाना मिलेगा।





शिवशंकर कॉलोनी में निवासरत इन परिवारों को एएचपी घटक के तहत गृहप्रवेश कराया जाएगा। इससे पूर्व फरवरी माह में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा डोसीगांव में निर्मित प्रधानमंत्री आवासों में 101 परिवारों को गृहप्रवेश कराया गया था।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित पात्र हितग्राहियों को बैंक द्वारा ऋण स्वी—ति कराई गई है। इन सभी हितग्राहियों की मार्जिन मनी की राशि में चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा प्रति हितग्राही 10-10 हजार रूपए की सहायता भी प्रदान की गई है।



# प्रधानमंत्री आवास की मार्जिन मनी में 25 लाख काअंशदान देना सौभाग्य की बात - विधायक काश्यप

## डोसीगांव में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर 75 परिवारों का मिला आवास




29 अक्टूबर। आज बड़े ही हर्ष का विषय है कि हम दीपावली के पूर्व शिव शंकर झुग्गी में रहने वाले 75 परिवारों को नवीन फ्लेट में गृह प्रवेश करवा रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने हितग्राहियों के बैंक लोन की मार्जिन मनी में प्रति हितग्राही 10-10 हजार रूपए के रूप में अब तक 25 लाख रूपए की सहायता दी है, जो मेरे परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। 25 लाख रूपए हितग्राहियों द्वारा भी जमा करवाए गए है। उनके पास मकान पहले भी था, लेकिन अब जो मकान मिला है, इससे न केवल पूरे परिवार का जीवन सुधरेगा अपितु बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण भी होगा।



उक्त उदगार विधायक चेतन्य काश्यप ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलब्ध में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के दौरान शिवशंकर कॉलोनी में निवासरत 75 परिवारों को डोसीगांव स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ईडब्ल्यूएस फ्लेटों में गृह प्रवेश कराने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि नये आवास में रहने से ये परिवार उन्नति करेंगे व इनके बच्चो का विकास होगा। श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर निगम पहला ऐसा नगर निगम है जो कि स्वंय की निधि लगाकर गरीबों के लिये आवास का निर्माण करवा रहा है, यह पुण्य का कार्य है इसके लिये नगर निगम

आयुक्त व निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशंसा के पात्र है। गरीबों को आवास उपलब्ध कराये जाने में बैंकों ने भी पूरा सहयोग कर हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया है।







भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर को चेतन्य काश्यप जैसा सेवाभावी विधायक मिलना गर्व की बात है, क्योंकि वे राजनीति में सेवा के लिए ही आये है ओर प्रत्येक क्षेत्र में सेवा का कार्य कर रहे है। आज शिव शंकर कालोनी के 75 परिवारों को नया आवास मिलने से इनकी दीपावली निश्चित ही धूमधाम से मनेगी। झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की सह संयोजक अनिता कटारिया ने कहा कि विधायक चेतन्य काश्यप की आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराये जाने की सोच अनुकरणीय है। पूरे देश में ऐसी ही सोच प्रधानमंत्री आवास योजना के रूप में आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध करा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्‌बोधन देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किये गये ईडब्ल्यूएस फ्लेट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्लेट की कुल लागत 7.85 लाख है। इसमें केन्द्र व राज्य शासन से 1.50-1.50 लाख अनुदान के रूप में प्राप्त होते है व नगर निगम द्वारा 2.85 लाख की राशि लगाई जाती है। हितग्राही को सिर्फ मार्जिन मनी 20 हजार जमा कराना है,जिसमें आधी राशि विधायक श्री काश्यप द्वारा अपने फाउंडेशन से उपलब्ध कराई जा रही है। शेष 1.80 लाख की राशि का पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लोन स्वी—त किया गया है। उन्होने शहर विधायक श्री चेतन्य काश्यप की सेवा भावी सोच की प्रशंसा करते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले ही श्री काश्यप आवासहीन परिवारों को अहिंसा ग्राम मे आवास उपलब्ध करवाकर उनका जीवन स्तर सुधार चुके है।

प्रारंभ में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा के अलावा निर्मल कटारिया, अनिता कटारिया, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, बंटी पितलिया, अरूण राव, भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, प्रहलाद पटेल, मोहम्मद सलीम मेव, सोना शर्मा, पप्पू पुरोहित, आदित्य डागा, करण धीर्य बड़गोत्या, मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, ष्ण कुमार सोनी, बलवंत भाटी, इब्राहिम शैरानी, मुबारिक शैरानी, बंटी वोरा, अनिता पाहूजा, राकेश परमार, बंटी शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रिय प्रबंधक पुष्पेंद्रसिंह राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, रेसीडेंस इंजीनियर एजीस उज्जैन सलीम खान, निगम




अधिकारी सर्वश्री सुरेषचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, जी.के. जायसवाल, श्याम सोनी, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, अरविन्द दषोत्तर, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, रामचन्द्र शर्मा, राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी, ब्रजेष कुषवाह, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, ए.पी. सिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि ने किया। विधायक श्री काश्यप ने चन्द्ररबाई-अर्जून, कैलाषबाई-अमृतलाल, रेशमबाई-रामप्रसाद, सीमा-नन्दकिशोर वर्मा, संजूबाई-मांगीलाल, ज्योति-दिलीप राठौड़ सहित अन्य हितग्राहियों को फ्लेट की चाबी देकर पूजन करवाया और फीता काटकर गृह प्रवेश करवाया। इस अवसर पर विधायक श्री काश्यप का शिव शंकर कॉलोनी के रहवासियों द्वारा शाल -श्रीफल भेंटकर व माला पहनाकर सम्मान किया गया ।कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढ़ा ने किया व आभार कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास ने माना।









## दै.वे. भोगी कर्मचारी राजेन्द्रसिंह का 7 दिवस का वेतन काटा सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी



**5 अक्टूबर ।** जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी राजेन्द्रसिंह- रामचन्द्र द्वारा वरिश्ठ अधिकारियों के विरूद्ध गलत टिप्पणी करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# रतलाम
## नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER





# स्वच्छता से समृद्धि की और बढ़ रहा है शहर
# दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत शहर में रांगोलियों के माध्यम दिया गया स्वच्छता का संदेश

**31 अक्टूबर।** नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छता से उत्तम स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। दीपावली के महापर्व पर नागरिक अपने घर,दुकानों और संस्थानों की सफाई के दौरान ध्यान रखे कि यहां से निकले हुए कचरे का निपटान कचरा संग्रहण वाहनों में ही करे। जनता की इस जागरुकता से शहर कचरा मुक्त हो जाएगा।




रविवार को दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत स्वच्छता एप का उपयोग कराया गया। इस मौके पर कालोनियों, कार्यालयों में जनसम्पर्क कर स्वच्छता एप का प्रचार प्रसार किया गया और नागरिकों को डाउनलोड कराया गया। इन्ही गतिविधियों के चलते सफाई मित्र समूह ने शहर के कचरामुक्त व सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता जागरुकता से जुड़ी रंगोलियों का निर्माण कर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छता में ही समृद्धि का रहस्य छिपा हुआ है। अब वक्त आ गया है कि जब हम स्वच्छता के महत्व को समझे और खुद ही नही बल्कि आपने आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ और निर्मल बनाए रखे। उन्होने कहां कि दीपावली पर्व के पुनीत अवसर पर स्वच्छता व शुद्वता का महत्व बड़ जाता है। यही वह वक्त है जब हम लोगों को समझा सके कि धर्म भी हमे स्वच्छ रहने की सीख देता है।












## रंगो में विलोपित हुए कचरे के ढेर, नागरिकों को दिलाया स्वच्छता का संकल्प

**29 अक्टूबर ।** दीपावली पर्व के पूर्व नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता अभियान को गति देते हुए नागरिकों को साफ सफाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों की शुरुवात कर दी है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम व सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में शुक्रवार को भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शहर में स्वच्छता का संदेश दिया है। इस दौरान कचरा मुक्त स्थलों में आकर्षक रांगोली का निर्माण भी किया गया।




दीपावली संकल्प जागरुकता का अभियान के तहत शुक्रवार को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में शहर के सज्जनमिल चौराहा, शहीद चौक और छत्रीपुल स्थित आम्बेडकर संर्कल के निकट सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग न करने की सलाह देते हुए नागरिकों विशेषकर व्यापारियों को भाईयों को संकल्प भी दिया गया। इसी अभियान के तहत शहर के कचरा मुक्त स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर सफाई मित्र समूह ने आकर्षक रांगोलियों का निर्माण कर नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने व घरों में पानी एकत्र नही करने का संदेश दिया है। गत दिनों से शुरु हुए इस विशेष अभियान के तहत अब तक स्त्रोत पृथक्कीकरण, वार्डो में सफाई, डोर टू डोर नागरिकों से सम्पर्क कर कचरे का अलग-अलग डस्टबिनों में निपटान करने की समझाईश भी दी गई है। इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, झोन प्रभारी एपीसिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनयसिंह, वार्ड प्रभारी व नागरिक गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 38 दिवस का वेतन काटा
## निलंबित व बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी

**8 अक्टूबर ।** खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किये जाने हेतु गठित दल द्वारा विगत सितम्बर माह से नियमित रूप से स्पॉट फाईन नहीं करने, षहर में कहीं भी स्पॉट फाईन नहीं करते पाये जाने व प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 38 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

स्पॉट फाईन दल द्वारा सितम्बर माह में नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने व अक्टूबर माह में दो दिवस 4 अक्टूबर को 14 व्यक्तियों व 8 अक्टूबर को 13 कुल 27 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन करने व दिये गये लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देषानुसार स्पॉट फाईन दल के विराट मेहरा, पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेष ललावत व आकाष षिन्दे द्वारा विगत सितम्बर माह से 5 अक्टूबर तक नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर 1 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक (कुल 38 दिवस) प्रतिदिन वेतन काटा जाकर निलबंन व सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

E-NEWS LETTER
# रतलाम
## नगर पालिक निगम




# भीषण अग्निकांड होने पर राजेश पगारिया पर एफआईआर दर्ज करने हेतु पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी को लिखा पत्र

## आग बुझाने में हुए व्यय 5 लाख की राशि जमा कराने हेतु संबंधित को दिया पत्र













**14 अक्टूबर I** मोहन नगर में वैशाली फिलिंग पेट्रोल पम्प के पीछे पगारिया ट्रेडर्स द्वारा बिना अनुमति के स्टॉक किये गये एग्रीकल्चर पीवीसी व प्लास्टिक पाईप में भीशण अग्नि दुर्घटना होने पर राजेष पगारिया (पगारिया ट्रेडर्स) एफआईआर दर्ज कराने हेतु पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी औद्यागिक क्षेत्र को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ

झारिया के निर्देषानुसार पत्र लिखा गया साथ ही आग बुझाने में हुए व्यय राषि रूपये 5 लाख की राषि 3 दिवस में निगम कोश में जमा कराने हेतु संबंधित को पत्र भेजा। 14 अक्टूबर गुरूवार को प्रात: 10:55 पर वार्ड क्रमांक 11 स्थित मोहन नगर में वैषाली फिलिंग पेट्रोल पम्प के पीछे राजेष पगारिया (पगारिया ट्रेडर्स) निवासी षुभम् विहार कालोनी के 85 बाय 235 प्लॉट पर स्टॉक किये गये एग्रीकल्चर पीवीसी व प्लास्टिक पाईप में भीशण अग्नि दुर्घटना होने पर प्लाट पर बिना अनुमति के पाईप स्टॉक करने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र को पत्र लिखा गया साथ ही आग बुझाने में नगर निगम की 3, इप्का लेबोरेटरिज की 1, नगर परिशद धामनोद व नामली की फायर ब्रिगेड, 10 पानी के टैंकर, 3 जेसीबी मषीन, 50 श्रमिक, मेकेनिकल फॉम कम्पाउण्ड लगने में हुए व्यय राषि रूपये 5 लाख 3 दिवस में नगर निगम में जमा कराने हेतु संबंधित को प्रेशित किया गया।

## आगजनी की घटना पर रोक लगाने हेतु ज्वलनशील भण्डारण केन्द्रो का आज से सर्वेक्षण प्रारंभ

16 अक्टूबर। रतलाम शहर में मोहन नगर व लक्कड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन का सर्वेक्षण किये जाने हेतु दलों का गठन किया जाकर श्री जी.के. जायसवाल प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन का सर्वेक्षण किये जाने हेतु वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये श्री राजेन्द्र मिश्रा उपयंत्री, श्री प्रवीण शर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री महेन्द्रसिंह सोलंकी उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 9 से 16 तक के लिये श्री राजेष पाटीदार उपयंत्री, श्री इलियास मंसूरी सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री जय उपाध्याय उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 17 से 24 तक के लिये श्री बृजेष कुशवाह उपयंत्री, श्री राजेन्द्र शर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री आशीश चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 25 से 32 तक के लिये श्री मनीश तिवारी उपयंत्री, श्री राजेन्द्र वाघेला सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री तरूण राठौड़ उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 33 से 40 तक के लिये सुश्री दीक्षा निजामपुरकर उपयंत्री, श्री प्रदीप उपाध्याय सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री सौरभ काला उप स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा वार्ड क्रमांक 41 से 49 तक के लिये श्री श्रीमती अनिता ठाकुर उपयंत्री, श्री विजय कपूर सहायक राजस्व निरीक्षक व श्रीमती मोनिका चौहानउप स्वच्छता पर्यवेक्षक को नियुक्त किया है जो नोडल अधिकारी श्री जायसवाल के निर्देषन व नियंत्रण में 3 दिवस में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करेंगे। सर्वेक्षण उपरांत ज्वलनषील भण्डारण केन्द्रों को रहवासी क्षेत्रों से हटाने व सील करने की कार्यवाही की जायेगी।

## द्वारका रेसीडेंसी की भवन निर्माण अनुज्ञा व कालोनी विकास अनुमति का हुआ प्रतिसंहरण

**22 अक्टूबर ।** सैलाना रोड ओवर ब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी की भवन निर्माण अनुज्ञा व कालोनी विकास अनुमति को मध्यप्रदेष भूमि विकास नियम 2012 के नियम 25 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रतिसंहरण किया गया।

## द्वारका रेसीडेंसी की मा उच्च न्यायालय ने की याचिका खारिज




**23 अक्टूबर ।** माननीय उच्च न्यायालय इंदौर द्वारा सैलाना रोड ओवर ब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी के प्रोपाईटर श्री जितेन्द्र नागल पिता श्री मोहनलाल नागल द्वारा दर्ज की गई याचिका को खारिज किया। द्वारका रेसीडेंसी के प्रोपाईटर श्री जितेन्द्र नागल पिता श्री मोहनलाल नागल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका प्रस्तुत की थी तथा स्वंय ही नई याचिका प्रस्तुत करने का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत याचिका वापस लिये जाने का अनुरोध करने पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नवीन याचिका प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता देते हुए दर्ज याचिका क्रमांक 22788/2021 को खारिज किया।

## ज्वलनशील पदार्थ भण्डारण के 95 गोडाउन व दुकानें पाये गये

**23 अक्टूबर ।** रतलाम षहर में मोहन नगर व लक्कड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविश्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें के गठित दलों द्वारा वार्डवार किये गये सर्वे के तहत नगर में ज्वलनषील पदार्थ एवं अन्य खतरनाक वस्तु भण्डारण के 95 गोडाउन व दुकानें पाये गये। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा गठित दलों द्वारा किये गये सर्वे के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 8 में 9, वार्ड क्रमांक 9 से 16 में 14, वार्ड क्रमांक 17 से 24 में 9, वार्ड क्रमांक 25 से 32 में 14, वार्ड क्रमांक 33 से 40 में 14 व वार्ड क्रमांक 41 से 49 में 35 इस तरह कुल 95 गोडाउन व दुकानें ज्वलनषील पदार्थो की पाई गई।

## महाराणा प्रताप चौक से आरो आश्रम तक की सफाई हेतु कर्मचारी नियुक्त

**16 अक्टूबर ।** महाराणा प्रताप चौराहे से आरो आश्रम सैलाना रोड की नियमित रूप से सफाई कार्य हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दो षिफ्टों में 4-4 कर्मचारियों को नियुक्त किया है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देषानुसार षंकर-पुनालाल, ष्याम-प्रकाष, जितेन्द्र-प्रकाष व जितेन्द्र बलराम दांय सड़क व नरेन्द्र-नवीन, महेन्द्र-राजेन्द्र, भुपेन्द्र-मुकेष व सुमनलाल-रतन बांई ओर पृथक-पृथक षिफ्टों में सफाई का कार्य वार्ड प्रभारी अर्जून गौसर के नियंत्रण में संपादित करेंगे।

# नियम विपरित किए गए निर्माण हटाए गए

## जिला, निगम व पुलिस विभाग की संयुक्त मुहिम के तहत शहर सीमा के ऊंकाला रोड़,बजरंग नगर व अर्जुन नगर से हटाए गए अतिक्रमण

**02 अक्टूबर ।** कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश और निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में आज से अवैध निर्माण और अतिक्रमण से कई बीघा जमीन मुक्त कराई गई है। उंकाला रोड़, बजरंग नगर, अर्जुननगर व आसपास के क्षेत्रों में आज शुरु हुई यह मुहिम आगे भी सतत जारी रहेगी। आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि कालोनी विकास की अनुमति के बिना अवैध रूप से कालोनी निर्माण करने पर मध्यप्रदेष नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन तथा शर्ते) नियम 1998 के अन्तर्गत अवैध कालोनाईजेषन के तहत एफआईआर दर्ज कराई जायेगी तथा नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण तोड़ेने हेतु निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से राषि वसूली जायेगी जिसके तहत उक्त कालोनी निर्माण करने वालो को अवैध निर्माण तोड़ने की राषि वसूलने हेतु षीघ्र नोटिस जारी किये जा रहे है। श्री झारिया ने बताया कि अवैध कालोनियों और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम सतत जारी रखी जाएगी।



जिला, निगम और पुलिस प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान शनिवार को पाया गया कि ऊंकाला रोड़ पर श्री तेजसिंह पिता शंभूसिंह धबाई निवासी धबाईजी का वास ने सर्वे क्रमांक 1009-1 रकबा 4.260 हेक्टर में से ऊंकाला रोड़ा तरफ की भूमि पर किए गए अवैध कालोनी का निरीक्षण किया गया। मौके पर पाया गया कि भूमि स्वामी तेजसिंह ने सीमेन्ट-कांक्रीट से 2 किमी सडक़ बनी पाई गई तथा सडक़ के सहारे को भूमि भूखण्डों के रुप में विभाजित की जाकर सीमेन्ट-कांक्रीट के पोल लगाए गए है। इन भूखण्डों में से कुछ भूखण्डों पर पुराने मकान बने पाए गए तथा एक भवन निर्माणाधीन है। नगर निगम अधिकारियों ने जब यहां अवैध कालोनी निर्माण पाया तो अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत, नायब तहसीलदार पूजा भाटी, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी,नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान व कार्यपालन यंत्री सुरेन्द्र चन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, श्यामकुमार सोनी प्र.सहायक यंत्री, उपयंत्री सुश्री अनिता ठाकुर, राजेश पाटीदार, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर की उपस्थिति में जेसीबी व डम्पर टेक्ट्र की सहायता से यहां से अतिक्रमण हटाया गया। इस पूरी कार्रवाई की वीडियों रिकार्डिग कराई जाकर पंचनामा भी बनाया गया है। इसी तरह अर्जुन नगर क्षेत्र में फिरोज टीनवाला पिता मों.हुसैन ने सर्वे नम्बर 135-2 रकबा 0.300 हेक्टर भूमि पर अवैध कालोनी का निर्माण शुरु कर दिया था। अधिकारियों ने निरीक्षण में पाया कि टीनवाला ने यहां डब्ल्यूबीएम की 1 किमी सडक़ एवं आरसीसी चेम्बर आदि का भी निर्माण कर लिया है। निरीक्षण में भूमि स्वामी का यह —त्य अवैध कालोनी निर्माण का पाया गया। इस अवैध कालोनी पर हुए निर्माण को निगम प्रशासन के संसाधनों से ध्वस्त किया गया है।






दिलीप नगर निवासी कमला पिता समरथमल चौपड़ा ने भी भूमि पर अवैध कालोनी का निर्माण शुरु कर दिया था. यहां इन्होने भी सडक़ सहित अन्य निर्माण कार्य शुरु कर दिए थे। अधिकारियों ने यहां दोपहर से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई शुरु की जो शाम पांच बजे तक चलती रही।



## सैलाना रोड क्षेत्र से 35 हजार स्क्वेयर फीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे में लिया अवैध रूप से कालोनी विकसित करने वालो व शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध निरंतर जारी रहेगी कार्यवाही

**3 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निदशानुसार विकास अनुममति के बिना अवैध रूप से कालोनी विकसित करने वाले कालोनाईजरों के विरूद्ध कार्यवाही के साथ शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जिला, पुलिस व निगम प्रशासन ने प्रारंभ करते हुए सैलाना रोड क्षेत्र से 35 हजार स्क्वेयर फीट भूमि को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे मे लिया गया।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार अवैध रूप से कालोनी विकसित करने वाले कालोनाईजरों के साथ ही 03 अक्टूबर रविवार के षासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई जिसके तहत सैलाना रोड स्थित तिरूपति नगर के बाहरी क्षेत्र में 35 हजार स्क्वेयरफीट भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। अतिक्रमण मुक्त भूमि का समतलीकरण किया जाकर सड़क किनारे बैठने वाले फल, सब्जी विक्रेताओं के व्यवसाय के लिये उपयोग किया जायेगा। उक्त भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को तोड़ने हेतु निगम द्वारा निर्धारित





15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से अतिक्रमणकर्ता से राशि वसूली जायेगी जिसके तहत अतिक्रमणकर्ता से अवैध निर्माण तोड़ने की राषि वसूलने हेतु षीघ्र नोटिस जारी किये जा रहा है। श्री झारिया ने बताया कि अवैध कालोनियों और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम सतत जारी रखी जाएगी। भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही के दौरान एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, सीएसपी श्री हेमन्त चौहान, तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, उपयंत्री श्री मनीश तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर व लोक निर्माण विभाग का अमला उपस्थित था। नगर निगम उपयंत्री मनीष तिवारी और दिशा निजामपुर के नेतृत्व में सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू की गई।

## अतिक्रमण करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना के रूप में 22 हजार की राशि वसूली



3 अक्टूबर। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 3 अक्टूबर रविवार को अस्थाई अतिक्रमण करने वाले 4 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 22 हजार की राशि वसूल की। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अस्थाई अतिक्रमण करने पर रामेष्वर बरबड़ रोड पर 15000, महिपाल चौहान सन सिटी के सामने पर 5000, षर्मा वेल्डिंग गीता मंदिर रोड व भीम सिंह लोकेन्द्र टॉकिज रोड पर 2000-2000 रूपये का जुर्माना कर भविश्य में अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले, अतिक्रमण करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े मो. नं. 7471144931, श्री किरण चौहान मो.नं. 7471144932, श्री विनय चौहान मो.नं. 8770535145, श्री विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश शिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## सैलाना रोड क्षेत्र से 5 हजार स्क्वेयर फीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे में लिया

### अवैध रूप से कालोनी विकसित करने वालो व शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध निरंतर जारी रहेगी कार्यवाही

**5 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार विकास अनुममति के बिना अवैध रूप से कालोनी विकसित करने वाले कालोनाईजरों के विरूद्ध कार्यवाही के साथ शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जिला, पुलिस व निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है जिसके तहत 5 अक्टूबर मंगलवार को सैलाना रोड क्षेत्र से 5 हजार स्क्वेयर फीट भूमि को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे मे लिया गया।







निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूशोत्तम के निदशानुसार अवैध रूप से कालोनी विकसित करने वाले कालोनाईजरों के साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही कार्यवाही के तहत सैलाना रोड क्षेत्र में बालाजी मार्बल द्वारा 5 हजार स्क्वेयर फीट षासकीय भूमि पर किये अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को कब्जे में लिया गया। इसके अलावा षहर सराय क्षेत्र में सांची पार्लर की गुमटी की शिकायत जन सुनवाई में प्राप्त होने पर गुमटी को हटाया गया।

उक्त भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को तोड़ने हेतु निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से अतिक्रमणकर्ता से राषि वसूली जायेगी जिसके तहत अतिक्रमणकर्ता से अवैध निर्माण तोड़ने की राषि वसूलने हेतु षीघ्र नोटिस जारी किये जा रहा है। श्री झारिया ने बताया कि अवैध कालोनियों और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम सतत जारी रखी जाएगी। भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही के दौरान एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, सीएसपी श्री हेमन्त चौहान, तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, उपयंत्री श्री मनीश तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर व लोक निर्माण विभाग का अमला उपस्थित था।




# भैंस के तबेले को तोड़ा 10 हजार की राशि का किया जुर्माना
## सार्वजनिक स्थल पर भैंसे घुमाने पर असलम खान की एफआईआर दर्ज




**12 अक्टूबर ।** रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निगम नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले गये थे जिसके तहत षहर सराय क्षेत्र में आबिद हुसैन के तबेले को भी तोड़ा गया तबेला तोड़ने के बाद पुनः तबेला निर्माण करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा तोड़ा जाकर संबंधित पर 10 हजार की राषि का जुर्माना कर भविश्य में तबेला निर्माण व संचालित नहीं करने के निर्देष दिये गये। इसके अलावा षैरानीपुरा निवासी असलम-बषीर खान द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर भैंसे घुमाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देषानुसार संबंधित की स्टेषन रोड थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। उक्त कार्यवाही के दौरान उपयंत्री श्री राजेन्द्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

# नागरिकों को शीघ्र मिलेगी सड़क के गड्ढो से मुक्ति







**20 अक्टूबर ।** बारिश, सीवरेज आदि से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों मुक्ति दिलाने हेतु विधायक रतलाम षहर माननीय श्री चेतन्य जी काष्यप व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य प्रांरभ किया गया जिसकी षुरूआत दो बत्ती क्षेत्र से की गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों सड़क के गड्ढो तथा धूल- मिट्टी से निजात दिलाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा षहर में निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य 85 लाख की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है। दीपावली पर्व के मद्देनजर सड़कों के पेंचवर्क का कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि नगारिकों को किसी प्रकार की परेषानी ना हो। दो बत्ती क्षेत्र में पेंचवर्क कार्य प्रारंभ होने के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री मोहम्मद हनीफ षेख, प्रभारी सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, उपयंत्री श्री बृजेष कुषवाह तथा क्षेत्रिय दुकानदार उपस्थित थे।

रतलाम
नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
"सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें 'न'"


# द्वाराका रेसीडेंसी में आगे शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया

## 15 हजार रूपये प्रतिघन्टे के मान से होगी राशि वसूल







**18 अक्टूबर ।** सैलाना रोड ओवर ब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी में आगे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्मित की गई सीमेंट कांक्रीट सड़क को कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम के लोक निर्माण अमले द्वारा तोड़ा गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में प्रात: नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अमले द्वारा एक बड़ी व एक छोटी जेसीबी मशीन से अतिक्रमण की गई भूमि से सीमेंट कांक्रीट सड़क को तोड़ने का कार्य प्रारंभ किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि अतिक्रमण तोड़ने में लगे संसाधनों में होने वाले व्यय के तहत नगर निगम द्वारा संबंधित से 15 हजार रूपये प्रतिघन्टे के मान से राशि । वसूली जायेगी।

# समयपाल श्री रतनसिंह चौहान सेवा निवृत्त

**29 अक्टूबर।** नगर निगम लोक निर्माण शाखा के समयपाल श्री रतनसिंह चौहान की अधिवार्शिकी आयु पूर्ण होने पर निगम के फायर स्टेशन भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाव-भीनी विदाई दी गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपने उद्‌बोधन में श्री चौहान द्वारा अपने सेवाकाल में किये गये कार्यो प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री चौहान को साफा बांधकर व षाल-श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर परिशद सदस्य श्री प्रेम उपाध्याय, निगम अधिकारी सर्वश्री सुरेषचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ षेख, जी.के. जायसवाल, ष्याम सोनी, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, अरविन्द दषोत्तर, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, रामचन्द्र शर्मा, राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, ए.पी. सिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, नगर निगम कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह राठौर के अलावा सर्वश्री सुभाश गोयल, हेमन्त सोलंकी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री चौहान का पुश्पहार व पुश्प गुच्छ से स्वागत किया।




# निगम के सफाई संरक्षकों का आज अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**26 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत निगम के सफाई संरक्षकों का आज 27 अक्टूबर बुधवार को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि निगम के सफाई संरक्षक स्वस्थ रहे इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार प्रात 11 से सांय 5 बजे तक अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में स्वास्थ्य परीक्षण षिविर लगाया गया है जिसमें डेंगू, टाईफाईड, टी.बी. आदि बीमारियों की जांच की जायेगी। आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण षिविर में जिला चिकित्सालय के 4 डॉक्टर, 2 लैब टैक्नीषियन व अन्य स्टाफ अपनी सेवाऐं देगा। निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों को निर्देषित किया है कि स्वास्थ्य परीक्षण षिविर में सभी सफाई संरक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराकर स्वास्थ्य परीक्षण कराना सुनिष्चित् करें। नगर निगम द्वारा निगम के सफाई संरक्षकों से अपील की जाती है कि आयोजित षिविर में उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करावें।

# निगम के सफाई संरक्षकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण







**27 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम द्वारा दिये गये निर्देषों के तहत निगम सफाई संरक्षको के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में लगाये गये षिविर में 169 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि निगम के सफाई संरक्षक स्वस्थ रहे इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में प्रात 11 से सांय 5 बजे तक स्वास्थ्य परीक्षण षिविर लगाया जिसमें जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, लैब टेक्नीषियन व अन्य स्टॉफ द्वारा कर्मचारियो की डेंगू, टाईफाईड, टी.बी. आदि बीमारियों की जांच की गई।




# सीवरेज रिस्टोरेशन का कार्य निविदाकार अनुबंध शर्तो के अनुरूप पूर्ण करें
## निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये निर्देश

**30 अक्टूबर ।** सीवरेज कार्य से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का रिस्टोरेषन तथा ऐसी सड़के जिनका रिस्टोरेशन कार्य किये जाने के बाद बारिष के रिस्टोरेशन खराब हो चुका है उनका समय सीमा में रिस्टोरेशन का कार्य किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम इंजीनियर, वेपकॉस इंजीनियर व निविदाकार की बैठक ली।




आयोजित बैठक में बताया गया कि 4 किलोमीटर डामर सड़क व 7.7 किलोमीटर सीमेन्ट कांक्रीट सड़क रिस्टोरशन का कार्य किया जाना है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि डामर सड़क का रिस्टोरेशन 25 नवम्बर व सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का रिस्टोरेशन कार्य 30 दिसम्बर तक कम्पनी अनिवार्य रूप से अनुबंध की शर्तो के अनुरूप करें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार व सुश्री दीक्षा निजामपुरकर निर्देशित किया कि सीवरेज कार्य के रिस्टोरेशन कार्य का पुनः सर्वे करें तथा इस कार्य में वार्ड उपयंत्री भी सहयोग करें।








**स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी निगम अधिकारी एवं कर्मचारी प्रारंभ करें निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये निर्देष टूल कीट से कराया अवगत**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर टूल कीट की जानकारी से अवगत कराते हुए निर्देषित किया कि रतलाम षहर को 7 स्टार की श्रेणी में लाना है इस हेतु सभी अपनी-अपनी तैयारियों में जुट जाये।




आजादी की 75 वीं वर्शगांठ पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 मेरा षहर मेरी पहचान टूल कीट की जानकारी आयोजित बैठक में प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। बैठक में बताया गया कि इस बार के सर्वेक्षण में देष के 40 करोड़ लोग हिस्सा लेंगे व आबादी व देष के अलग-अलग जोन अनुसार सर्वेक्षण किया जायेगा। रतलाम षहर को 7 स्टार की श्रेणी में लाये जाने हेतु वाटर + बनाना है इसलिये सीवरेज से ट्रीटेड किये गये पानी का उपयोग कन्ट्रक्षन कार्य, आग बुझाने, शि-उद्यान आदि में उपयोग लाये जाने की तैयारी करने के निर्देष बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने दिये। उन्होने निर्देषित किया कि वार्डो के सुपरविजन कार्य हेतु नियुक्त किये गये पर्यवेक्षक अपने-अपने वार्डो में कार्य प्रारंभ करें व स्वच्छता संबंधी कार्य का निराकरण वार्ड दरोगा व झोन प्रभारी से मिलकर करवाये। बैठक में निर्देषित किया कि नगर निगम के वाहनों का जीपीएस कन्ट्रोल निगम द्वारा ही किया जाये। आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, श्री मोहम्मद हनीफ षेख, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, श्री अरविन्द दषोत्तर उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, बी. एल. चौधरी, राजेष पाटीदार, ब्रजेष कुषवाह, मनीश तिवारी, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, निज सहायक श्री सुभाश गोयल, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र षर्मा, सिटी मैनेजर श्री कपील मारोठिया के अलावा सर्वश्री धर्मेन्द्र दोगाया, पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, जितेन्द्र सिसोदिया, हेमन्त सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने का संकल्प दिलाया दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत शहर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया




**30 अक्टूबर।** नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि दीपावली के दौरान नागरिकों को जागरुकता और संवेदनशीलता आवश्यक है। जिससे उनके स्वच्छता व्यवहार स्थाई और प्रभावी हो। इसके लिए दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान शुरु किया गया है। इसका उददेश्य नागरिकों में शहरी स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। इस अभियान के तहत शहर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत शनिवार को कार्यालयों और शहर के व्यापारियों से सम्पर्क किया गया। इस दौरान जिला पंचायत कार्यालय, धानमंडी आदि क्षेंत्रों में जनसम्पर्क कर व्यापारियों और कर्मचारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इन्ही गतिविधियों के चलते सफाई मित्र समूह ने शहर के कचरामुक्त व सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता जागरुकता से जुड़ी रंगोलियों का निर्माण कर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



# सफाई कर्मचारियों 22 सूत्रीय मांगो के निराकरण के संबंध में हुई चर्चा

30 अक्टूबर। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्श समिति की 22 सुत्रीय मांगो के निराकरण के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्श समिति की 22 सुत्रीय मांगो के संबंध में 8 सितम्बर को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय पर तय की गई समय-सीमा में की गई कार्यवाही के बारे में यूनियन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।



